हिंदी पखवाड़ा, 2022 - सीपीपी-आईपीआर

प्लाज़्मा भौतिकी केंद्र-प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान (सीपीपी-आईपीआर) सोनापुर, असम के सम्मेलन कक्ष में दिनांक 20/09/2022 को सुबह 10 बजे से हिंदी पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया और जो 29/09/2022 तक चलेगा।

सर्व प्रथम मुख्य अतिथि डॉ. शर्मिला ताये, हिंदी प्राध्यापक, हिंदी शिक्षण योजना, गुवाहाटी को "फूलम गामोछा" और "स्मृति चिन्ह" देकर स्वागत किया गया। इसके बाद इस केंद्र के कार्मिकों द्वारा स्वागत गीत की प्रस्तुती के साथ हिंदी पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात् कार्यकारी केंद्र निदेशक ने राजभाषा हिंदी के इतिहास से सभी को अवगत कराया। इसके साथ ही उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस केन्द्र के अधिकारी और कर्मचारी अपनी ज़िम्मेदारी को समझते हुए अधिक से अधिक कार्य हिन्दी में करने का प्रयास करेंगे। इसके बाद मुख्य अतिथि डॉ. शर्मिला ताये द्वारा हिंदी कार्यशाला का आरंभ किया गया, जिसमें उन्होंने राजभाषा नियम, अधिनियम और सामान्य हिंदी व्याकरण पर व्याख्यान दियें। साथ ही उन्होंने हिंदी में आमतौर पर कार्य करने में आ रही समस्याओं और उसके निवारण पर भी चर्चा कियें। अंत में जलपान और धन्यवाद ज्ञापन के साथ दिनांक 20/09/2022 का कार्यक्रम समाप्त हुआ।

सीपीपी-आईपीआर में आयोजित हिंदी पखवाड़ा कार्यक्रम की कुछ तस्वीरें